

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 274

ग्वालियर, गुरुवार 23 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## अफगानिस्तान में तेज भूकंप 255 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके आए हैं, इसके चलते फिलहाल 255 लोगों की मौत की खबर मिली है। यह आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 आंकी गई है। बड़े नुकसान का अनुमान है। अफगानिस्तान की अथॉरिटीज के मुताबिक देश में भूकंप के चलते बड़े पैमाने पर मकान ध्वस्त हो गए हैं और मलबे में दबने के चलते कम से कम 255 लोगों की मौत हो गई है। बचाव कार्य शुरू किया गया है और मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। बीते साल ही दो दशक चले लंबे युद्ध से मुक्ति पाने वाले अफगानिस्तान पर यह दूसरा बड़ा संकट हो सकता है। अफगानिस्तान की सरकारी न्यूज एजेंसी बख्तार ने अपनी रिपोर्ट में 255 मौतों की जानकारी दी है। एजेंसी का कहना है कि मौके पर हेलिकॉप्टर भेजे गए हैं और बचाव अभियान शुरू हो गया है। इन मकानों के मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है।



सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे वीडियोज में देखा जा सकता है कि पाकिस्तान से सटे पक्तिका प्रांत से लोगों को हेलिकॉप्टर के जरिए निकाला जा रहा है। तालिबान सरकार के उप-प्रवक्ता बिलाल करीमी ने कहा, भीषण भूकंप ने पक्तिका प्रांत के 4 जिलों को प्रभावित किया है। इस आपदा में देश के सैकड़ों लोगों की मौत होने और जख्मी होने की आशंका है। इस आपदा के चलते दर्जनों मकान तबाह हो गए हैं। अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके आए हैं, इसके चलते फिलहाल 255 लोगों की मौत की खबर मिली है। यह आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 आंकी गई है। बड़े नुकसान का अनुमान है। अफगानिस्तान की अथॉरिटीज के मुताबिक देश में भूकंप के चलते बड़े पैमाने पर मकान ध्वस्त हो गए हैं और मलबे में दबने के चलते कम से कम 255 लोगों की मौत हो गई है। बचाव कार्य शुरू किया गया है और मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। बीते साल ही दो दशक चले लंबे युद्ध से मुक्ति पाने वाले अफगानिस्तान पर यह दूसरा बड़ा संकट हो सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में पुलिस अधिकारी के हत्यारे सहित 4 आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के सब-इंस्पेक्टर फारूक अहमद के हत्यारे सहित चार स्थानीय आतंकवादियों को पुलवामा और सोपोर जिलों में दो आतंकवाद विरोधी अभियानों में मार गिराया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पुलवामा में तुज्जन गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस, सेना और सीआरपीएफ कर्मियों ने इलाके को संयुक्त रूप से घेरकर तलाशी अभियान शुरू की। तलाशी अभियान के दौरान संयुक्त सुरक्षा बल जैसे ही उस स्थान पर पहुंचा, जहां आतंकवादियों के छिपे होने का संदेह था, वे अंधाधुंध गोलीबारी की चपेट में आ गए और जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए और उनके शव मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए। इनकी पहचान पुलवामा के बरपोरा निवासी आबिद अहमद शेख और पंपोरा के बानपोरा लड्डू निवासी माजिद नजीर वानी के रूप में हुई है।



## अमेरिकी सेना के लिए हुनमान बनेंगे एलन मस्क

**वॉशिंगटन।** अंतरक्षि में धड़ाधड़ सैकड़ों उपग्रह छोड़ रहे दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस?क अमेरिकी सेना के लिए हनुमान की भूमिका निभा सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के लीक हुए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि पेंटागन मस्क के स्टारशिप रॉकेट का एक बेड़ा तैयार करना चाहती है। इसके जरिए अमेरिकी हथियारों और अन्य सैन्य साजो-सामान को दुनिया में कहीं भी 60 मिनट के अंदर सामान पहुंचाया जा सकता है। इस लीक हुए दस्तावेज को ट्रांसपोर्टेशन कमांड ने तैयार किया है। इसके तहत मस्क की कंपनी के साथ समझौता किया गया है ताकि जोरदार ताकत वाले स्टारशिप रॉकेट के जरिए अगले 5 साल के अंदर सामानों को भेजने की तकनीकी व्यवहार्यता का पता लगाया जा सके। अगर यह सफल रहता है, तब मस्क की कंपनी स्पेसएक्स सैन्य रॉकेट का निर्माण शुरू कर सकती है। मस्क के इस रॉकेट को कई बार इस्तेमाल किया जा सकता है और इसकारण इसका इस्तेमाल करना भी बहुत कम खर्चीला है। अमेरिकी सेना का यह प्लान सफल होने पर वह कार्गो विमान का इंतजार किए बिना ही मात्र 60 मिनट के अंदर दुनिया में अविश्वसनीय गति से सामानों की आपूर्ति हो सकेगी। पेंटागन ने संकेत दिया है कि स्पेस लांच में सैन्य सामानों को भेजने पर फोकस किया जाएगा लेकिन उसने यह भी कहा है कि अंतरिक्ष में इंसानों को भी भेजा जा सकता है।



# बांग्लादेश में बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 32 मौतें, 90 लाख से अधिकि लोग बेघर



### भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में भी बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 81 लोगों की मौत

**ढाका।** मॉनसूनी तूफान और लगातार हो रही बारिश ने पूरे बांग्लादेश को चपेट में ले लिया है। बाढ़ की वजह से अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 90 लाख लोग घरों में पानी घुसने और सामान नष्ट होने की वजह से बेघर हो गए हैं। बांग्लादेश की सेना स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जगह जगह फंसे हुए लोगों को निकालने और राहत कार्य में जुटी हुई है। पिछले हफ्ते, बांग्लादेश और भारत के उत्तरपूर्वी राज्यों ने निरंतर हो रही बारिश की वजह से कई हिस्सों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। बाढ़ जनित हादसों में अब तक 81 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।


आपदा प्रबंधन और राहत कार्य राज्य मंत्री इनामुर रहमान का कहना है कि मेघालय और असम में हुई भारी बारिश के चलते बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के हालात बन गए हैं। उनका कहना था कि सिल्हट और सुनामगंज के जिलों में यह 122 साल की सबसे भीषण बाढ़ है। सिल्हट के हालात बहुत भयानक हो गए हैं, वहां बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ कुल मिलाकर बांग्लादेश में बिजली गिरने से कुल 21 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सिल्हट, सुनामगंज, ब्रह्मनबाड़िया और बांग्लादेश के उत्तरी हिस्से को भयानक बाढ़ का सामना करना पड़ा है। बाढ़ की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी वजह से सिल्हट और सुनामगंज जिले बाकी देश से कट कर अलग थलग दिखाई पड़ रहे हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए सिल्हट रेल्वे स्टेशन और इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सभी तरह के संचालन को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। संचार सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं और सिल्हट में स्थानीय प्रशासन को हालात संभालने में बहुत मुश्किले आ रही हैं। मेघालय के पहाड़ी इलाकों से नीचे जाते पानी ने हालात को बदतर बना दिया है। सिल्हट के करीब 3 लाख लोगों को आश्रयस्थलों में शरण लेने पर मजबूर होना पड़ा। पिछले शनिवार बाढ़ की गंभीरता के चलते स्वास्थ्य विभाग का एक दल सिल्हट जाने में नाकाम रहा और उन्हें मजबूरन ढाका लौटना पड़ा। सरकार का कहना है कि देश के दस जिलों के 64 उपमंडल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बांग्लादेश के बाढ़ पूर्वानुमान और चेतावनी केंद्र (एफएफडब्ल्यूसी) ने बताया कि सुनामगंज और सिल्हट में अगले 24 घंटों तक स्थिति में किसी तरह का कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके साथ ही उत्तरी और उत्तर पूर्वी इलाकों में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान भी जताया गया है। पिछले हफ्ते सुनामगंज में लोगों के घरों में पानी घुस जाने की वजह से उन्हें घरों की छतों पर शरण लेनी पड़ी और बाद में उन्हें बोट की मदद से बचाया गया। लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जा रही है क्योंकि यहां के जिला अस्पताल बाढ़ में डूब चुके हैं।

### भारी बारिश की वजह से बाढ़ आ जाने से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुध

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की वजह से बाढ़ आ जाने पर एक निर्माणाधीन पुल की 'शटरिंग और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग का 150 फुट लंबा खंड पानी में बह गया। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामबन और उधमपुर जिलों में भूस्खलन के कारण लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी रणनीतिक महत्व का मार्ग बंद रहा, जिससे बड़ी संख्या में वाहन फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाली मुगल रोड पर भी भूस्खलन के कारण यातायात बाधित रहा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, भारी बारिश होने के कारण निर्माणाधीन पीराह पुल की 'शटरिंग' बह गई। उन्होंने बताया कि हालांकि, यातायात के लिए आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला पुल सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि उधमपुर जिले में, उधमपुर शहर से 16 किलोमीटर दूर तोल्दी नाले के पास जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग का 150 फुट लंबा खंड बुधवार को बह गया। कई मशीन भी तवी नदी में अचानक बाढ़ आ जाने पर बह गई, जिनका इस्तेमाल सड़क को ठीक करने में किया जा रहा था। यातायात अधिकारी ने कहा, बुधवार को (यातायात के लिए) सड़क के खुलने की संभावना कम है।अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि रामबन और उधमपुर जिलों में 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर 33 से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और कई स्थानों पर चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि पंथियाल में मंगलवार को चट्टानें गिरने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया था।



## आधी रात को अदालत में पेश किया गया लारेंस विश्नोई, 27 जून तक बढ़ाई गई पुलिस रिमांड



**नई दिल्ली।** मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड लॉरेंस विश्नोई की पुलिस रिमांड 5 दिन के लिए बढा दी गई है। लॉरेंस अब 27 जून तक पुलिस की हिरासत में रहेगा। मंगलवार देर रात उसे मानसा कोर्ट में पेश किया गया। रिमांड मिलने के बाद पंजाब पुलिस उसे मानसा से रात को ही खरड़ स्थित क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी स्टाफ के दफ्तर ले आई। इससे पहले पहले लॉरेंस विश्नोई का मानसा के सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। दरअसल, पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को कड़ी सुरक्षा के बीच मानसा जिला अदालत में देर रात करीब 10 बजे पेश किया। पुलिस ने कोर्ट में दलील दी कि कई गैंगस्टरों से लॉरेंस के सामने बिठाकर पूछताछ करनी है। पुलिस रिमांड के दौरान लॉरेंस बिश्नोई को मोहाली के सीआईए स्टाफ के दफ्तर में रखा गया था और यहीं से कड़ी सुरक्षा के बीच मानसा ले जाया गया। बताया गया कि सुरक्षा कारणों के चलते लॉरेंस बिश्नोई की पेशी रात में ही मानसा कोर्ट के सामने करवाई गई। पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई का मानसा अदालत से 10 दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन मानसा कोर्ट ने 27 जून तक रिमांड दिया गया है। अब 27 जून को लॉरेंस बिश्नोई को मानसा जिला अदालत में एक बार फिर से पेश किया जाएगा। पुलिस लॉरेंस को दिल्ली की तिहाड़ जेल से लाई है। पहले मानसा कोर्ट ने उसे 7 दिन के रिमांड पर भेजा गया था। कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस ने 35 पन्नों की रिपोर्ट पेश की। जिसमें हत्याकांड में लॉरेंस की भूमिका के बारे में बताया। उससे पूछताछ में हुए खुलासे को लेकर कोर्ट को बताया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में 10 दिन का रिमांड मांगा था। मगर, कोर्ट से 5 दिन का ही रिमांड मिला। बता दें कि चंडीगढ़ के पास खरार में अपराध जांच एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ के लिए गैंगस्टर को भारी पुलिस सुरक्षा के तहत बुलेट प्रूफ वाहन में लाया गया था। बिश्नोई को दिल्ली से लाए जाने के बाद उसे मानसा की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

## अग्निपथ योजना पर राहुल गांधी ने कहा, जब युद्ध होगा, तब इसका नतीजा आएगा

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर देश में विपक्ष और सड़कों पर युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर मोदी सरकार पर हमला बोलकर चेताकर कहा कि, जब युद्ध होगा, तब इसका नतीजा आएगा।

राहुल गांधी ने कहा, चीन की सेना हिंदुस्तान की धरती पर बैठी है, चीन की सेना ने हमारी जमीन हमसे छीनी है। यह सच्चाई है, जो सरकार ने भी माना है। इसके बाद सेना को मजबूत करना चाहिए लेकिन सरकार सेना को कमजोर कर रही है। जब युद्ध होगा, तब इसका नतीजा आएगा। सब याद रखो, जो मैं बोल रहा हूं। हमारी सेना को यह लोग कमजोर कर रहे हैं। देश का नुकसान होगा और यह खुद को देशभक्त कहते हैं। उन्होंने कहा, ईडी का छोटा



मामला है, छोड़िये, सबसे जरूरी यह बात कि, यह हमारे युवा देशभक्ति के चिन्ह हैं। सुबह 4 बजे दौड़ते हैं। इनके भविष्य की रक्षा करना हमारा काम है। ÷कांग्रेस ने कहा था किसानों के बिल वापस लेना, पड़ेगा बाद में इन्होंने लिया ना? अब कांग्रेस कह रही है अग्निपथ योजना को वापस लेना पड़ेगा, देश का हर युवा हमारे साथ खड़ा मिलेगा। क्योंकि देश का युवा जनता है सच्ची देशभक्ति सेना को मजबूत करने की होती, कमजोर करके नहीं होती है। सेना के साथ जो मोदी जी ने देश के साथ धोखा दिया है, इस हम रद्द कराएंगे। इसके अलावा राहुल गांधी ने युवाओं के रोजगार की बात पर भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश की रीढ़ की हड्डी जिसमें छोटी-बड़ी इंडस्ट्री आती हैं, उन्हें तोड़ दिया है। हमारे युवा, हर रोज सुबह दौड़ते हैं, उनसे मैं कहता हूं हिदुस्तान के पीएम ने देश की रीड़ की हड्डी को तोड़ दिया है। अब यह देश युवाओं को रोजगार नहीं दे पाएगा। दो तीन बड़े उद्योगपति को देश पकड़ा दिया है, यह देश को रोजगार नहीं दिलवा सकते हैं। युवाओं के लिए जो आखिरी रास्ता था, देशभक्ति का, आर्मी और फोर्सस का अब इस रास्ते को इन लोगों ने बंद कर दिया है।

## रूस की सेना ने तेज किए हमले, भीषण बमबारी से झुलसे पूर्वी यूक्रेन के कई इलाके

**कीव।** रूसी सैनिकों द्वारा किए जा रहे लगातार हमलों के चलते पूर्वी यूक्रेन के वे इलाके आग की चपेट में आ गए हैं, जहां आक्रमण के लगभग 4 माह बाद भी रूस पूर्ण सैन्य नियंत्रण हासिल नहीं कर सका है। रूसी सैनिक निर्णायक बढ़त पाने के लिए जमकर बमबारी कर रहे हैं। यूक्रेन के पूर्वी लुहान्स्क क्षेत्र के गवर्नर सेरही हैदाई ने कहा आज जो कुछ भी जल सकता है, उसमें आग लगी हुई है। रूस के आक्रमण के चलते यूक्रेन से दुनिया के बाकी हिस्सों में खाद्य आपूर्ति और रूस से गैस की आपूर्ति पर संकट उत्पन्न हो गया है, साथ ही पश्चिमी यूरोप में सुरक्षा को लेकर सवाल पैदा हो गए हैं। रूसी सेना का



फिलहाल लुहान्स्क क्षेत्र के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। हालांकि, अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती और हथियार और उपकरण के मामले में बढ़त के बावजूद, मास्को ने इस पर पूर्ण नियंत्रण के लिए हफ्तों तक संघर्ष किया है। लड़ाई के केंद्र, सिविएरोदोनेत्स्क शहर में यूक्रेन के सैनिकों ने औद्योगिक इलाके में एज़ोत रासायनिक संयंत्र पर नियंत्रण बरकरार रखा है। संयंत्र में लगभग 500 नागरिक शरण लिए हुए हैं और हैदई ने कहा कि रूसी सेना क्षेत्र को 'खंडहर में' बदल रही है। उन्होंने कहा हमारे ठिकानों पर तोप, रॉकेट लॉन्चर, लार्ज-कैलिबर आर्टिलरी से हमले किए जा रहे हैं और मिसाइलें दागी जा रही हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में कम से कम छह नागरिक मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। उसने कहा कि रूसी सेना ने दिन में उत्तरी चेर्निहाइव क्षेत्र में गोलाबारी की और यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में अपनी गोलाबारी तेज की। मायकोलाइव शहर में भी मंगलवार सुबह धमाके हुए।

## खास खबर

### सोनिया ने ईडी से पेशी की तिथि कुछ सप्ताह आगे बढ़ाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय से आग्रह किया कि उनकी पेशी की तारीख कुछ हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी को कोविड और फेफड़े में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने अब घर पर आराम की सलाह दी है। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को ईडी को पत्र लिखकर कहा कि उनकी पेशी की तिथि को अगले कुछ हफ्तों के लिए बढ़ा दिया जाए जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी ने 'नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में 23 जून को तलब किया है।कोरोना से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते सोनिया को हाल ही में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें सोमवार की शाम छुट्टी मिली। मामले में ईडी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पांच दिनों में 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की व इस दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये गए। कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विपक्षी नेताओं के खिलाफ बदले की राजनीति करार दिया है।

### अजमेर में महिला को डायन बताया झोपड़ी पर पेट्रोल छिड़क लगा दी आग

**अजमेर।** राजस्थान में महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही हैं। आज भी कुछ लोग अंधविश्वास में जीते महिलाओं को डायन बताकर उनके साथ मारपीट कर जान से मारने जैसी घिनौनी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। ऐसा ही ताजा मामला अजमेर जिले में सामने आया है, जहां महिला को डायन बताकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की गई है। दरअसल पूरा मामला अजमेर के मसूदा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह नासुन गांव की रहने वाली है। जहां पर गांव के ही कुछ लोग उसे डायन बताकर पिछले कई महीनों से परेशान कर रहे हैं। गांव के लोगों के अत्याचार के बाद महिला अपने खेत में झोपड़ी बनाकर रहने लगी थी। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार शाम को गांव के कुछ लोग उसके खेत में घुस आए और वहां उसकी झोपड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग लगने के बाद महिला जब झोपड़ी से बाहर निकली तो उसे वहां पर लोगों ने पकड़ लिया और उसे वापस आग में फेंकने का प्रयास किया। महिला ने जब अपने को बचाने की कोशिश की तो लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिसमें उसे काफी चोट भी आई। पीड़ित महिला जैसे तैसे अपने को बचाकर गांव के पूर्व सरपंच के पास पहुंची, जहां पूर्व सरपंच छोटूराम ने उसे सहारा देते हुए आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाने की बात कही। पीड़ित महिला ने अपने साथ हुई घटना के बाद मसूदा थाने में जाकर अपनी आपबीती बताई। महिला की शिकायत पर थानाधिकारी दिनेश जीवनानी ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। थानाधिकारी ने बताया कि गांव के रहने वाले दुर्गालाल , पवन, श्यामा सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है एवं जांच जारी है।

### किन्नर पर जबरिया धर्म परिवर्तन का आरोप, थाने में हंगामा

**प्रयागराज।** शायद पहली बार ऐसा हुआ जब किसी किन्नर ने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया है। मामला प्रयागराज का है, जहां एक किन्नर ने दूसरी किन्नर पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। जिसके विरोध में जार्जटाउन थाने में अन्य किन्नरों ने हंगामा किया। इसके साथ ही आरोपी किन्नर के खिलाफ केस दर्ज करने का आवेदन भी दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अल्लापुर थाना क्षेत्र की एक गरीब महिला का आरोप है कि उसका एक बच्चा किन्नर है। उसे शाहगंज की एक किन्नर ने अपना चेला बनाया। आरोप है कि उसके किन्नर बच्चे का पत्थर गली स्थित मौलाना ने किन्नरों के कहने पर धर्म परिवर्तन करा दिया। उसे आपत्तिजनक चीजें भी खिलाई। उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। जब वह अपने घर जाना चाहती थी तो उस पर चोरी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। इसके साथ ही पीड़ित पंकज किन्नर को मारापीटा गया। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। किन्नर कल्याण बोर्ड वैष्णवी नन्द गिरी ने कहा कि इस मामले में तहरीर दी गई है। मामला गंभीर है। हमारी मांग है कि आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी का भी जबरन धर्म परिवर्तन करवाना गलत है। सरकार और प्रशासन से मांग है कि मामले में कार्रवाई की जाए, क्योंकि न्याय व्यवस्था सभी के लिए है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### इंग्लैंड पहुंचते ही संक्रमित हो गये थे विराट कोहली

**लंदन** । भारतीय क्रिकेट टीम अभी इंग्लैंड दौरे पर है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली यहां पहुंचते ही कोविड-19 से संक्रमित हुए थे पर यह बात सार्वजनिक नहीं हो पायी थी। भारतीय टीम को यहां इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में 1-5 जुलाई के बीच एकमात्र टेस्ट मैच खेलना है। पिछले साल भारतीय खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के कारण यह टेस्ट नहीं हो पाया था। इस बार भी भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन संक्रमित होने के कारण इस दौरे पर नहीं जा पाये हैं। वहीं विराट भी पिछले सप्ताह लंदन में टीम के उतरने के बाद ही संक्रमित हो गये थे। अनुमान है कि वह मालदीव में छुट्टियां मनाकर लौटने के बाद से ही संक्रमित हो गये थे हालांकि अब वह फिट हो गये हैं। वहीं बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि अश्विन के जुलाई में टेस्ट मैच शुरू होने से पहले ठीक होने की उम्मीदें हैं पर वह लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच में शायद ही खेल पायें।' इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद अश्विन ने टेस्ट मैच की तैयारी के लिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) लीग के लंबे प्रारूप के एक मैच में खेला था। इसमें उन्होंने 20 ओवर किए थे। टीम इंडिया बर्मिंघम में इंग्लैंड का सामना करेगी। यह पिछले साल कोविड-19 संक्रमण के कारण बीच में रोकी गयी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला का आखिरी मैच है।

### अश्विन कोरोना संक्रमण से उबरे, अभ्यास मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे

**मुम्बई** । टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अब कोरोना संक्रमण से उबर गये हैं और उनके लीसेस्टर के खिलाफ 24 जून को होने वाले मैच से पहले टीम से जुड़ने की संभावनाएं हैं। भारत ओर इंग्लैंड के बीच एक जुलाई से एकमात्र टेस्ट शुरु होगा। अश्विन के ठीक होने के बाद अब स्टैंडबाय स्पिनर जयंत यादव को इंग्लैंड भेजे जाने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। अश्विन अगले कुछ दिनों में इंग्लैंड पहुंचेंगे। संक्रमण के कारण वह टीम के अन्य साथियों के साथ पहले इंग्लैंड दौरे पर नहीं पहुंचे थे। वहीं विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, चेतेश्वर पुजारा और शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के लिए पहले ही रवाना हो गये थे। उनके 24 जून से शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच से पहले टीम में शामिल होने की उम्मीद है। कोविड पॉजिटिव होने के कारण अश्विन अन्य सदस्यों के साथ 16 जून को इंग्लैंड रवाना नहीं हो पाये थे। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अश्विन के लिए यात्रा की नई व्यवस्था की जा रही है, जो जल्द ही अपने अन्य साथियों के साथ टीम से जु?ंगे। वहीं इससे पहले अश्विन के समय पर ठीक नहीं होने से जयंत को स्टैंडबाय के रूप में रखा गया था।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल : टॉस जीतकर मुम्बई ने शुरु की बल्लेबाजी

**बेंगलूर** । मुम्बई ने यहां रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले के फाइनल में मध्यप्रदेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की है। मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवर में एक विकेट पर 87 रन बना लिए हैं। कप्तान पृथ्वी शॉ 47 रनों पर आउट हुए । वहीं यशस्वी जायस्वाल 39 रनों पर खेल रहे थे जबकि अरमान जाफर ने अपना खाता नहीं खोला था। मध्य प्रदेश की टीम खिताबी मुकाबले में एक बदलाव के साथ उतरी है। वहीं मुम्बई ने कोई बदलाव नहीं किया है।

**महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान**

# टीम को ओलिंपिक के सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल बाहर, पुनिया को कमान

**नई दिल्ली।** महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गई है। हालांकि, टीम को टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल इस बार टीम से बाहर हैं, जबकि अनुभवी गोलकीपर सविता पुनिया को कमान सौंपी गई है और दीप इक्का ग्रेस को डिप्टी बनाया गया है। महिला हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन 1 से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन की संयुक्त मेजबानी में होगा। करिश्माई स्ट्राइकर और पूर्व कप्तान रानी रामपाल के पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ स्नद्ध॥ प्रो लीग मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। टीम की हिस्सा होने के बावजूद रानी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान शुरुआती चार मैच में नहीं खेलीं।



इससे उनके अनफिट होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि, हॉकी इंडिया ने उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

रानी को जगह नहीं मिलने के बाद टीम में और कोई हैरानी भरा नाम नहीं है और भारत ने परखे हुए खिलाड़ियों को मौका दिया है। हाल के स्नद्ध॥ प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम का हिस्सा रही डिफेंडर इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले, मिडफील्डर बलजीत कौर और स्ट्राइकर संगीता कुमारी को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी टीम

भारत को पूल बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और चीन के साथ रखा गया है। टीम अपना पहला मैच 3 जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी, जिसके खिलाफ उसने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक का मुकाबला गंवाया था। लंदन में पिछले विश्व कप में भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में आयरलैंड के खिलाफ शूट आउट में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि हमने विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम चुकी है। यह अनुभवी और युवा प्रतिभा का मिश्रण है जिन्होंने स्नद्ध॥ प्रो लीग में शीर्ष टीम के खिलाफ मौका मिलने पर शानदार प्रदर्शन किया। रानी की चोट पर कोच ने कहा कि चोट से पूरी तरह उबर पाने में नाकाम रहीं रानी के अलावा टोक्यो ओलंपिक अभियान का हिस्सा रही सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है, जबकि ज्योति और सोनिका को भी शामिल किया गया है जिन्होंने मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन किया। पूल बी के मुकाबले स्पेन में खेले जाएंगे।

टीम इस प्रकार है: गोलकीपर- सविता (कप्तान), बिचु देवी खरीबाम।

डिफेंडर- दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता।

मिडफील्डर- निशा, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सोनिका, सलीमा टेटे।

फॉरवर्ड- वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, शर्मिला देवी।

वैकल्पिक खिलाड़ी- अक्षता अबासो ढेकाले, संगीता कुमारी।

# देश में इतने तेज गेंदबाजों को निकलते देख उत्साहित हैं द्रविड़



**मुंबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने इस पर खुशी जतायी है कि अब भारत में कई तेज गेंदबाज निकल रहे हैं। द्रविड़ के अनुसार इन युवा तेज गेंदबाजों में से कुछ को ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में खेलते हुए देखा जा सकता है। इस गेंदबाजों में आईपीए में शानदार प्रदर्शन करने वाले उमरान मलिक भी शामिल हैं। उमरान ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी जबकि अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप सेन ने भी आईपीएल में अपने गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था।

द्रविड़ ने भारतीय टीम के साथ अब तक के अपने कोचिंग कार्यकाल को लेकर कहा कि कम समय में कई कप्तानों और तेज गेंदबाजों के साथ काम करने का अवसर मिल जो रोमांचक रहा है। यह चुनौतीपूर्ण भी रहा है, हमें पिछले आठ महीनों में छह कप्तान मिले हैं जो वास्तव में योजना का हिस्सा नहीं थे। यह हमारे द्वारा खेले जाने वाले खेलों की संख्या के कारण हुआ। कई खिलाड़ियों को नेतृत्व करने का मौका मिला है।

द्रविड़ ने कहा कि कहा कि आईपीएल से भविष्य में भी बेहतर क्रिकेटर निकलते रहेंगे। साथ ही कहा कि इससे भारतीय टीम के लिए कई युवा गेंदबाज तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि आईपीएल में तेज गेंदबाजी प्रतिभा को देखना अविश्वसनीय था। इसमें काफी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। यह बेहतर भविष्य का संकेत है।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में रोहित के साथ पारी शुरु करेंगे शुभमन

**बर्मिंघम** । भारत ओर इंग्लैंड के बीच यहां होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के साथ युवा शुभमन गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। लोकेश राहुल के इस सीरीज से बाहर होने के बाद से ही सलामी जोड़ीदार को लेकर बना संशय अब हटता नजर आ रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो पोस्ट शेयर कर सलामी जोड़ी को लेकर संकेत दिए हैं। इस वीडियो में रोहित और शुभमन नेट अभ्यास करते दिखाई दे रहे हैं। बीसीसीआई ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, हमारे सलामी बल्लेबाज रोहित और शुभमन पहले दिन नेट पर अभ्यास करते हुए। बीसीसीआई की इस पोस्ट से यह साफ है कि एकमात्र टेस्ट में रोहित के साथ शुभमन पारी की शुरुआत करते दिखाई देंगे। इंग्लैंड और भारत के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का यह अंतिम मैच है।

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।



*जापान में एफआईवीबी वालीवाल नेशंस लीग में खेलते हुए खिलाड़ी।*

## व्यापार न्यूज

### राजस्थान में विनिर्माण संयंत्र की स्थापना करेगी ओकिनावा

**नई दिल्ली** । इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की विनिर्माता ओकिनावा ऑटोटेक ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के करौली में एक नए विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए वह 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ओकिनावा ऑटोटेक ने कहा कि 30 एकड़ भूमि पर बनाए जाने वाले कारखाने की सालाना उत्पादन क्षमता 10 लाख इकाइयों की होगी और वहां अक्टूबर 2023 से परिचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र से 5,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनी का तीसरा संयंत्र होगा, इसके अलावा दो कारखाने राजस्थान के अलवर में हैं। ओकिनावा ऑटोटेक के संस्थापक तथा प्रबंध निदेशक जितेंद्र शर्मा ने कहा ?कि बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते हम इस क्षेत्र के सामने आ रहे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बड़े कारखाने में प्रस्तावित अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) सुविधाएं भविष्य के अनुरूप होंगी ताकि हम आगे इस क्षेत्र की मांग को पूरा कर सकें।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूटा



**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के चलते रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे टूटकर 78.17 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने से रुपए की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.13 पर खुला, फिर कमजोर रुख के साथ 78.17 तक गिर गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 78.13 पर बंद हुआ था। इस बीच वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 3.47 प्रतिशत गिरकर 110.67 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.61 पर था।

# जीई स्टीम पावर ने भेल के साथ परमाणु भाप टर्बाइन के लिए किया करार

**नई दिल्ली** । ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी जीई स्टीम पावर ने सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग फर्म भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के साथ एक बड़ी डील की है। यह समझौता तीन परमाणु भाप टर्बाइनों की आपूर्ति के लिए हुआ है। कंपनी ने कहा कि सौदे की राशि 16.5 करोड़ डॉलर (1288 करोड़ रुपए) है। कंपनी ने कहा कि जीई स्टीम पावर ने न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के घरेलू परमाणु कार्यक्रम के पहले चरण के लिए छह इकाइयों में से तीन परमाणु भाप टर्बाइनों की आपूर्ति के लिए भेल के साथ 16.5 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। ये इकाइयां गोरखपुर, हरियाणा और कर्नाटक में विकसित की जा रही हैं । बयान में कहा गया कि इस घरेलू कार्यक्रम में एनपीसीआईएल द्वारा विकसित की जा रही 700 मेगावाट क्षमता की 12 इकाइयां शामिल है, जो अपनी परमाणु रिएक्टर यानी प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के साथ विकसित की जा रही है। कुल मिलाकर इससे 8.4 गीगावाट कार्बन डाई आक्साइड मुक्त बिजली का उत्पादन होगा, जिससे 14 करोड़ घरों को बिजली मिल सकेगी।

जीई और भेल ने 2018 में एक व्यापार सहयोग समझौते और एक लाइसेंस एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे ताकि वें 700 मेगावाट क्षमता के परमाणु भार टर्बाइनों का विनिर्माण कर सकें । अब इस समझौते ते तहत ये नई डील हुई है। जीई स्टीम पावर ने कहा ?कि परमाणु ऊर्जा एक महत्वपूर्ण और कार्बन मुक्त बिजली के सबसे भरोसेमंद स्रोतों में से एक है। यह बिना किसी रुकावट के चौबीसों घंटे ऊर्जा आपूर्ति प्रदान करती है। हमें बीएचईएल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हम विश्वसनीय और निम्न कार्बन ऊर्जा भविष्य के लिए एनपीसीआईएल और भारत का समर्थन करना जारी रखेंगे। जरूरी सुविधाओं से लैस हमारे पास साणंद अपना प्लांट है। इसके पास भारत के घरेलू कार्यक्रम की परमाणु आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

# इस बार 20 साल में सबसे कम हुआ गेहूं का उत्पादन

**नई दिल्ली** । बढ़ती महंगाई के बीच भीषण गर्मी ने गेहूं उत्पादन को काफी प्रभा?वित ?किया है। इस साल देश में 20 साल में सबसे कम गेहूं उत्पादन हुआ है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गेहूं उत्पादन होता है, लेकिन इन राज्यों में भी गर्मी का प्रकोप रहा। फसल कटाई के बाद जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इन तीनों राज्यों में गेहूं उत्पादन में दो दशक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल, मार्च में ही कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया था। इससे पंजाब में खेतों में पकने वाले गेहूं के डंठल का रंग सुनहरे पीले से बदलकर भूरा हो गया, जो फसल खराब होने का संकेत है। यह नुकसान 2010 और 2019 से भी बड़ा है। 2010 में भी इस साल की तरह देश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था, जिससे गेहूं उत्पादन प्रभावित हुआ था। हालांकि, 2019 में गर्मी और लू का प्रकोप कम था, फिर भी फसल को नुकसान हुआ था।






### स्टील पर निर्यात शुल्क वापसी के पक्ष में नहीं है वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली** । स्टील पर लगने वाले निर्यात शुल्क को वित्त मंत्रालय वापस लेने के पक्ष में नहीं है। स्टील निर्यात करने वाली कंपनियों ने हाल ही में मंत्रालय से निर्यात शुल्क हटाने की गुजारिश की है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद स्टील के दाम में भारी तेजी आ गई थी जिसे देखते हुए सरकार ने स्टील के निर्यात पर 15 प्रतिशत का शुल्क लगा दिया था ताकि घरेलू स्तर के छोटे उद्यमियों को राहत मिल सके। अप्रैल में स्टील की कीमत 78,000 रुपए प्रति टन के स्तर को पार कर गई थी। निर्यात शुल्क लगने के बाद स्टील के दामों में तेजी से गिरावट आई है और अभी इसकी कीमत 62,000-64,000 रुपए प्रति टन के स्तर पर है। इंडियन स्टील एसोसिएशन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से स्टील निर्यात पर लगने वाले शुल्क को हटाने के साथ 20 लाख टन स्टील बिना शुल्क निर्यात करने की इजाजत देने की मांग की है। एसोसिएशन के मुताबिक निर्यात शुल्क लगाए जाने से पहले 20 लाख टन स्टील निर्यात के लिए लेटर आफ क्रेडिट जारी किया जा चुका था। एसोसिएशन का यह भी कहना है कि भारत की तरफ से निर्यात शुल्क लगाने का फायदा चीन को मिल सकता है। सरकार ने स्टील के निर्यात के साथ इसके कच्चे माल लौह अयस्क के निर्यात पर भी 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगा दिया है। 2021-22 में स्टील निर्यात में पूर्व के वित्त वर्ष के मुकाबले 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सरकार के फैसले से स्टील निर्यात जरूर प्रभावित हुआ है, लेकिन घरेलू स्तर पर अपने उत्पादन में स्टील को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले छोटे उद्यमियों को बड़ी राहत मिली है। सेकेंडरी स्टील बनाने वाले उद्यमियों ने बताया कि स्टील के दाम कम होने से ग्रामीण इलाकों से मांग निकलने लगी है। वहीं आटो और घरों में इस्तेमाल होने वाले कई आइटम की लागत भी कम होगी।

### एचडीएफसी बैंक की हर साल 2000 नई शाखाएं खोलने की योजना

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एचडीएफसी ने हर साल डेढ़ से दो हजार नए शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने वित्तवर्ष 2021-22 की वित्तीय रिपोर्ट जारी कर बताया कि अगले तीन से पांच साल में करीब 10 हजार नए ब्रांच खोलने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में ही देशभर में 1,500 से 2,000 नए ब्रांच खोले जाने हैं और यह क्रम अगले तीन से पांच साल तक चलेगा। साथ ही हम हर तीन सप्ताह में एक नया फीचर भी लाने की तैयारी कर रहे हैं। ये ब्रांच डिजिटल होंगे, जहां कस्टमर को लेनदेन और अन्य सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। ये ब्रांच साइज में छोटे होंगे और अपने ग्राहकों तक फिजिकल पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। देश में निजी क्षेत्र के इस सबसे बड़े बैंक के पास मार्च तक 21,683 बैंकिंग आउटलेट और 6,342 बैंक शाखाएं हैं, जिसमें से चार विदेशों में स्थित हैं। बैंक के देशभर में कुल 18,130 एटीएम और कैश डिपॉजिट मशीनें हैं। इसके अलावा बैंक ने 15,341 बिजनेस करेसपॉन्डेंट भी बना रखे हैं।




## बच्चे को गोद में लिए नजर आ रहे रणबीर कपूर



रणबीर कपूर बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की लिस्ट में आते हैं जो अपने गुड लुक की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता रणबीर कपूर के लुक्स की लोग अक्सर तारीफ करते हैं। ये कहा जा सकता है कि वो बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे स्टाइलिश, गुड लुकिंग और हैंडसम अभिनेताओं की लिस्ट में आते हैं। अब इसी बीच अभिनेता रणबीर कपूर की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें वो एक बच्चे को अपनी गोद में लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। रणबीर कपूर की इस तस्वीर को खुद उनकी बहन रिधिमा कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर न्यू बोर्न बेबी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे। इस दौरान अभिनेता रणबीर बेबी को गौर से देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए रिधिमा कपूर ने कैप्शन में लिखा कि, दोनों क्यूट है। साथ ही दो हार्ट वाली इमोजी भी शेयर की है। हालांकि इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि रणबीर कपूर अपनी भांजी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि अभिनेता रणबीर कपूर को बीते दिन अपने पिता ऋषि कपूर की पहली पुण्यतिथि पर अपनी मां नीतू कपूर के घर पर आलिया भट्ट के साथ गए थे। इस दौरान की तस्वीरें सामने आई थी जिसमें दोनों कलाकारों को एक साथ देखा गया था। अगर बात करें रणबीर कपूर के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र, शमशेरा और एनिमल जैसी फिल्में शामिल हैं।

## मीरा जैस्मीन कर रही हैं सत्यन एंथीकड की फिल्म में वापसी

मशहूर अभिनेत्री मीरा जैस्मीन पांच साल के लंबे अंतराल के बाद लोकप्रिय निर्देशक सत्यन एंथीकड की फिल्म में अपनी वापसी कर रही हैं। एंथीकड ने स्वयं इसकी घोषणा की, जो खुद भी तीन साल के अंतराल के बाद किसी फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं और यह उनकी 57वीं फिल्म होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म में जयराम को शामिल किया गया है और इनके अलावा इनोसेंट, श्रीनिवासन और सिद्दिकी भी फिल्म में अभिनय करते दिखाई देंगे। सेंट्रल पिक्र सर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म की स्क्रिप्ट इकबाल कुट्टीपुरम ने लिखी है और सिनेमैटोग्राफी का काम पुरस्कार विजेता कैमरामैन एस.कुमार संभाल रहे हैं। यह खबर भी पढ़ें: किसी हॉरर डायन से कम नहीं है जैजमिन बीन, तस्वीरें देख निकल जाएगी आपकी चीख एंथीकड पिछले कुछ सालों में शीर्ष निर्देशकों की सूची में शामिल हो गए हैं। इस काम के साथ वह बीते चार दशकों से जुड़े हुए हैं।




# तेलुगु दर्शकों को पता है कि मैं उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी :सीरत कपूर

तेलुगु स्टार सीरत कपूर जल्द ही अपनी आगामी फिल्म मारीच से हिंदी फिल्मों में डेब्यू करेंगी। मुंबई की रहने वाली अभिनेत्री कहती हैं कि, हिंदी फिल्मों से जुड़ने का मतलब यह नहीं है कि मैं अपना सारा ध्यान टॉलीवुड से हटा लूंगी। सीरत की तेलुगु हिट फिल्मों में राजू गरी गधी 2, टच चैसी चुडू और कोलंबस शामिल हैं। सिर्फ यही नहीं उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर के साथ भी स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। सीरत ने बताया कि, मेरा निश्चित रूप से हिंदी सिनेमा की ओर झुकाव है, लेकिन मैं दक्षिण के फिल्म जगत को नहीं छोड़ रही हूं। यह वास्तव में एक प्यार भरा सफर रहा है और मुझे काम करने के लिए बहुत अच्छे लोग मिले हैं। मेरे पास प्यार करने वाले दर्शक हैं जो जानते हैं कि मैं हिन्दी फिल्मों में काम कर रही हूं। इसलिए जब मैं अपने प्रशंसकों से बात करती हूं, तो वे यह नहीं कहते कि मैं उन्हें छोड़ रही हूं, उन्हें पता है कि मैं उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी। मुझे पता है कि मैं उनके पास वापस जाने वाली हूं और वे मेरे लिए



खुश हैं। मैं सभी फिल्मी जगत में काम करने के लिए तैयार हूं और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त करती हूं। मैं निश्चित रूप से अच्छे कंटेंट वाली फिल्मों में काम करने के लिए तैयार हूं। नागार्जुन, रवि तेजा और सामंथा अक्किनेनी सहित कई स्थापित तेलुगु सितारों के साथ काम करने से सीरत को दक्षिण की फिल्मों में फायदा हुआ है। जबकि कई अभिनेता अपनी पहली फिल्म को टर्निंग पॉइंट कहते हैं, जबकि सीरत के लिए यह उनकी पांचवीं तेलुगु फिल्म टर्निंग पॉइंट रही जो 2017 में रिलीज हुई ओक्का कशनम थी। उन्होंने कहा कि, मैं खुद से इस तरह से बात नहीं करती हूं कि मैं एक स्टार हूं या मैं आ गई हूं। जब मैं बैठकर यह सोचती हूं मैंने अपने करियर में सबसे अच्छा काम क्या किया है? तो वह फिल्म ओक्का कशनम है। इस फिल्म में मेरे कुछ ही सीन हैं लेकिन फिल्म का कंटेट और पूरी टीम के साथ बिताए गए पलों ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है, जो कि एक कलाकार के लिए जरूरी है जिससे मुझे फिल्म चुनने में आसानी होती है। मैंने उस फिल्म की तरह ही अच्छी स्क्रिप्ट चुनना शुरू किया, जो कृष्णा एंड हिज लीलास और मां विंथा गद्य विनुमा जैसी फिल्में हैं। जाने-माने एक्टिंग गुरु स्वर्गीय रोशन तनेजा की पोती, सीरत कहती हैं: तो मुझे लगता है कि यह एक मानसिक बदलाव था और मेरी समझ थी कि मैं कौन थी और क्या बनने की ख्वाहिश करती थी। आम तौर पर यह कलाकारों के लिए पहली फिल्म है लेकिन मुझे लगता है कि रन राजा रन फिल्म से भगवान ने मेरे लिए कुछ अच्छा किया है। इस फिल्म के साथ मेरा कोई भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा है। मैं

## 'अनफेयर एंड लवली' मनोरंजन से भरपूर और मजेदार कहानी है: इलियाना डिक्रुज



बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रुज का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'अनफेयर एंड लवली' मनोरंजन से भरपूर मजेदार कहानी है जो बेहद संवेदनशील विषय को छूती है। इलियाना डिक्रुज जल्द ही फिल्म 'अनफेयर एंड लवली' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर रणदीप हुड्डा लीड रोल में हैं। इलियाना डिक्रुज ने बताया कि उनकी फिल्म की कहानी काफी मजेदार है। इलियाना ने कहा, फिल्म की कहानी खूबसूरती से लिखी गई है। यह एक मनोरंजक मजेदार कहानी है जो बहुत संवेदनशील विषय को छूती है। यह आपको सबसे अधिक मानवीय दृष्टिकोण देती है। लोग इससे रिलेट कर पाएंगे और इससे उन लोगों का दिमाग भी खुल जाएगा कि इस देश में रंग की बात आए तो संकीर्ण नहीं होना चाहिए। इलियाना डिक्रुज ने कहा, रंग सुंदरता को परिभाषित नहीं करता है। यह कुछ ऐसा है कि, रात में आकाश सुंदर नहीं है, लेकिन यह वैसा ही है जैसा कि सितारों को देखने के लिए मिलता है। बताया जा रहा है कि फिल्म 'अनफेयर एंड लवली' फिल्म में दिखाया जाएगा कि एक सांवली लड़की को क्या-क्या परेशानी झेलनी पड़ती है। समाज उसे कैसे ट्रीट करता है। फिल्म में इलियाना एक हरियाणा की लड़की का रोल प्ले करते नजर आएंगी।

# बॉडी को लचीला बनाने के लिए अपनाए तीन आसान तरिके



वजन घटाना इतना आसान काम नही होता लेकिन अगर निरंतर प्रयास करें तो ज़रूर ही वजन घट सकता है। और इसलिए ऐसे बहुत सी तरकीबें लोग करते है जिससे वजन घटाया जा सकता है। लेकिन जब वजन कम करने की बात आती है तब लोग कनफ्यूज हो जाते हैं कि वजन कम करने के लिए योगा या जुम्बा? आज आपके इस कनफ्यूजन को दूर कर आसान कर देते हैं कि आपके लिए क्या बेहतर है-

### योग या जुम्बा

अगर वक्त के हिसाब से देखा जाए तो जुम्बा योग की तुलना में कम वक्त में अधिक कैलोरी बर्न करने के लिए जाना जाता है। योगा बॉडी के अलग-अलग अंग के लिए भिन्न तरीके से किया जाता है। योगा से आपकी बॉडी में लचीलापन आता है। वहीं जुम्बा वर्कआउट डांस फॉर्म में किया जाता है। यह वजन कम करने और काडियोवस्कुलर एक्टिविटीज पर अधिक फोकस्ड रहता है।

### कैलोरी

अगर आप का वजन बहुत अधिक नहीं है तो आप योगा कर सकते हैं। इससे कैलोरी बर्न करना थोड़ा आसान हो सकता है। हालांकि योगा आपके वजन और उम्र के हिसाब से किया जा सकता है। वहीं अगर आप जल्दी अपना वजन कम करना चाहते हैं तो जुम्बा ज्यादा बेहतर है। इससे आप एक घंटे में करीब 540 कैलोरी तक बर्न कर सकते हैं।

### लचीलापन और बॉडी

अगर आप अपनी बॉडी को लचीला बनाना चाहते हैं तो योगा करना बेहतर है। वहीं बॉडी को सही पॉश्चर या टोन देना चाहते हैं तो जुम्बा अधिक प्रभावी है। जुम्बा से आपका हार्ट भी स्ट्रांग होता है। शायद अब आपके लिए आसान हो गया होगा कि आप क्या करना चाहते हैं योगा या जुम्बा। दोनों के अलग-अलग फायदे हैं। अधिक फैट बर्न और जल्दी के लिए जुम्बा बेहतर है।



# मकान गिरने से 2 वर्षीय बालक की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल



**कैलारस।** बुधवार की सुबह कैलारस थाना क्षेत्र के गांव गस्तौली में मकान गिरने से जाटव परिवार के एक 2 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल मुरैना रैफर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह घर के अंदर 2 वर्षीय मासूम सार्थक जाटव पुत्र प्रमोद जाटव और महिला पूनम जाटव उम्र 22 वर्ष पत्नी प्रमोद जाटव निवासी गस्तौली गांव सो रहे थे कि अचानक मकान की छत भरभराकर उनके ऊपर आ गिरी। इस हादसे में 2 वर्षीय सार्थक की मौके पर ही मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि उसकी मां पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि मकान की छत पर एक ट्रॉली रेत रखा हुआ था और छत काफी जर्जर हालत में थी, जिस समय हादसा हुआ, उस समय पति प्रमोद घर पर नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए भेजा, जबकि मासूम बच्चे का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गांव में हुई इस दुःखद घटना से शोक का माहौल है।



## ग्राम चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समझाया मतदान का महत्व

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिये ग्रामीणजनों को विशेषकर युवा, विकलांगों को जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय विभाग के शासकीय कलापथक दल द्वारा पहाड़गढ़ ब्लॉक के खड़रिया पुरा, मरा और मानपुर आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में नुक्कड़ नाटक एवं सांस्‍तिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई जा रही है। मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणजनों को डगर-डगर खेत की मेड़ों पर एक-एक पौधा सब लगायें। यह समझाईश जाकिर हुसैन द्वारा दी जा रही है। कलापथक दल में राजेंद्र कुमार, राकेश श्रीवास्तव और नरेश पोसिया द्वारा भागीदारी की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जागो मतदाता, जागो मतदाता, हम भारत के मतदाता है, देश हमारी शान है, गीत प्रस्तुत किया गया, तथा मतदान लोकतंत्र की धुरी है, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने बताया कि नगरीय निकायों में मतदान का समय सुबह 7 से शाम 5 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि तत्संबंधी निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं।

## पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए प्रचार 23 जून की शाम से होगा बंद

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में प्रथम चरण का मतदान 25 जून को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। प्रथम चरण में जिन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में मतदान होना है, वहाँ पर 23 जून को अपरान्ह 3 बजे से सार्वजनिक सभा करना प्रतिबंधित हो जायेगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व से शराब की दुकाने भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## तंत्रिकाओं में सूजन, एक से अधिक धब्बे आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते है: सिविल सर्जन

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा है कि कुष्ठ एक संक्रमक रोग है, जिसकी पहचान शरीर पर चमड़ी के रंग से भिन्न हल्का दाग हो, जिसमें सुन्नपन हो एवं कोई संवेदना न होती हो जैसे तंत्रिकाओं में सूजन, एक से अधिक धब्बे आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते है। डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि ऐसे कोई लक्षण दिखाई देने पर शासकीय अस्पताल के कमरा नंबर-42 में दिखाकर जांच करायें। समय पर पहचान होने की दशा में उपचार लेने पर कुष्ठ पूरी तरह ठीक हो जाता है। डीएचओ एवं कुष्ठ नोडल ऑफीसर डॉ. पदमेश उपाध्याय ने अपील की है कि यह जांच शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आशा, एएनएम को दिखायें, इसका उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश अब 10वी की मेरिट पर होगा

**मुरैना।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 में मध्यप्रदेश के पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में संचालित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश कक्षा 10+2 की 10वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किये जायेंगे।

# खेल प्रशिक्षण शिविर से प्रतिभायें निखरती है: पुलिस अधीक्षक

### - खेल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**मुरैना।** खेल और युवा कल्याण विभाग मुरैना के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के आतिथ्यि में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया, लॉन टेनिस खिलाड़ी डॉ. पीएस तोमर की उपस्थिति में खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन संभागीय खेल अधिकारी, विभिन्न नियुक्त खेल प्रशिक्षकों एवं युवा समन्वयकों, विभागीय कर्मचारियों प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में पुलिस लाईन स्थित टेनिस कोर्ट पर किया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा है कि खेल प्रशिक्षण शिविर से प्रतिभायें निखरती है। प्रशिक्षणार्थियों को नियमित यदि प्रशिक्षण दिया जाये एवं समय-समय पर खेलों के शिविर जैसे





आयोजन किए जाये तो संभवतः खेल प्रतिभाऐं निखरेगी। जिससे मुरैना जिले के खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। खेल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले विभिन्न प्रशिक्षकों को शील्ड, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र से पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से जिला मुख्यालय पर 664 (09 खेलों में) एवं विकासखण्ड मुख्यालय पर 608 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुये। इस प्रकार शिविर से 1272 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुये। अंत में संभागीय खेल अधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए सहयोगी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान करने में दिये गये वहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया।

## साले ने अपने सरपंच प्रत्याशी बहनोई पर किया हमला, अस्पताल में हुआ भर्ती



**मुरैना।** ग्राम तुस्सीपुरा मैं अपने साले से उधारी के 5 लाख रुपए मांगने गए केंथरी पंचायत से सरपंच प्रत्याशी पर साले एवं उसके परिवार वालों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया, साथ ही उसके साथियों पर भी हमला किया गया। घायल सरपंच पद प्रत्याशी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटेलाल पुत्र जगदीश सिंह निवासी मनोहर नगर सरपंच प्रत्याशी कैंथरी पंचायत थाना सराय छोला में चुनाव चिन्ह चश्मा से चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि चुनाव का समय है और रुपयों की आवश्यकता थी, इसलिए छोटेलाल अपनी उधारी के 5 लाख रुपए मांगने के लिए अपने साले भगत सिंह, कदम सिंह निवासी तुस्सीपुरा माहौर चौराहा के घर लेने गया था, तभी भगत सिंह और उसके परिवार वालों ने छोटेलाल को रुपए देने से मना कर दिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे सरपंच प्रत्याशी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों की मदद से सरपंच प्रत्याशी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती करा दिया है, वहीं घायल फरियादी छोटेलाल द्वारा स्टेशन रोड थाना मैं आरोपी गणों पर मामला दर्ज कराया है।




## त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिये प्रचार-प्रसार मतदान के 48 घंटे पूर्व प्रतिबंधित

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत चरण वार निम्नानुसार तिथियों में मतदान सम्पन्न होगा। इसके लिये मतदान होने के दिनांक के 48 घंटे पूर्व लोक शांन्ति, लोक सुरक्षा के तहत प्रचार बंद किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण के लिये जनपद पंचायत अम्बाह और पोरसा की पंचायतों के लिये 25 जून, द्वितीय चरण जनपद पंचायत मुरैना, जौरा की पंचायतों के लिये एक जुलाई एवं तृतीय चरण के लिये जनपद पंचायत कैलारस, पहाड़गढ़ और सबलगढ़ की पंचायतों में 8 जुलाई 2022 को मतदान होगा। निर्वाचन संबंधी आचार संहिता का पूर्णरूपेण पालन कराने, त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने एवं लोकशान्ति, सुरक्षा तथा जनसाधारण के जीवन एवं सम्पत्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये दण्ड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बक्की कार्तिकेयन ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। जिसमें मतदान दिनांक से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार का विकासखण्डों में प्रचार-प्रसार, सभा, सार्वजनिक बैठके, रैली इत्यादि पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान दिनांक से 48 घंटे पहले संबंधित विकासखण्ड क्षेत्र के जो मतदाता नहीं है, उनको निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहना होगा। मतदान दिनांक से 48 घंटे पहले संबंधित विकासखण्ड क्षेत्र में ध्वनि विस्तारकों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित विकासखण्ड के मतदान दिवस के दिन सभी प्रकार की टेक्सियां, निजी कारें, ट्रकों, टेलरों के साथ या बिना टेलरों के ट्रेक्टर, ऑटो, रिक्शा, स्कूटर, मोटरसायकिल, मिनी बस, निजी वाहनों पर प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित व्यक्ति को आदेश पारित किये जाने के पूर्व सुनवाई का अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा। आदेश एक पक्षीय पारित किया जा रहा है, यह आदेश संबंधित विकासखण्ड स्तर के दिनांकों पर लागू रहेगा।

## प्रमुख अभियंता ने किया जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण



**मुरैना।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता दीपक रतनावत ने आज अमृत योजना के अन्तर्गत प्रगतिरत मुरैना जल प्रदाय परियोजना के कार्यों का अवलोकन किया। श्री रतनावत ने वितरण पाइप लाइन बिछाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। प्रमुख अभियंता ने जल शोधन संयंत्र परिसर एवं ओवर हेड परिसर में पौधरोपण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर चम्बल इकाई के परियोजना प्रबंधक के.के शर्मा, तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर, उप परियोजना प्रबंधक ब्रजेश जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक बलवीर सिकरवार, सामुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के विशेषज्ञ और संविदाकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आईए योग करके रहें निरोग : ककनमठ पर किया योग



**मुरैना।** आईये योग से निरोग की यात्रा प्रारंभ करें। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2015 में पहली बार योग दिवस मनाया। जिसके तहत जनपद पंचायत अम्बाह द्वारा ग्राम पंचायत सिहोंनिया के अन्तर्गत ककनमठ मंदिर पर विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभागियों ने योग कर निरोगी रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अम्बाह की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सुमन चक चौहान भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने भी योग करके निरोग रहने का निर्णय लिया।

# रीजनल टेक्निकल अपडेट पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला ग्वालियर में आरम्भ...

## लैड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत क्षेत्रीय तकनीकी विस्तार कार्यशाला का होटल रेडिसन में प्रथम दिन का किया शुभारंभः

फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मुख्यालय द्वारा आज होटल रेडिसन में ग्वालियर में लैड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चलने बाला क्षेत्रीय तकनीकी विस्तार पर कार्यशाला शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया मुख्यालय की ओर से श्रीमती अमिता धानु जी वर्चुअल टॉक के माध्यम से जुड़ी और उन्होंने तकनीकी अपडेट कार्यशाला पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में संस्था के मानसेवी सचिव डॉ के. के. दीक्षित जी द्वारा सर्वप्रथम सभी अतिथियो का स्वागत किया एवं कार्यक्रम को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यालय की ओर से डॉ शामला अनंत दूपते कंसल्टेंट हेडक्वार्टर मुंबई द्वारा सभी को इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले चैलेंजेस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की सभी समस्याओं को पावर प्रेजेंटेशन द्वारा समाधान किया।

कार्यक्रम में मुख्यालय कि ओर से उषा राधाकृष्णन एम.एंड ई. मैनेजर द्वारा सभी को डाटा पर विस्तारपूर्वक बताया



कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य एबं सभी का स्वागत मुख्यालय की ओर से डॉ रीमा जी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर मेडिकल ऑफिसर द्वारा किया । कार्यक्रम में ग्वालियर ब्रांच की ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित जी ने गतिविधियों एवं प्रोजेक्ट पर किस प्रकार कार्य कर रहे है इस पर चर्चा की ।

रीजनल तकनीकी कार्यशाला में अंतरास्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, आगरा, मुरहू, ग्वालियर ने हिस्सा लिया।रीजनल तकनीकी अपडेट का प्रथम दिन संपन्न किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्वालियर ब्रांच से संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह मेडिकल ऑफिसर डॉ स्मारिका दूबे डॉ नेहा आर्य जी. आर.रमेश पूजा शर्मा आशीष सोनी स्वाति तोमर वर्षा सोन आदि लोगो ने मुख्य भूमिका निभाई।

## योग को अपने जीवन में अपराए और प्रतिदिन योग करें- जिला न्यायाधीश श्रीमती सिंह

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश श्रीमती अर्चना सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस सर्किल जेल शिवपुरी के समस्त बंदियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



के अवसर पर पतंजलि योग के योग गुरु श्री रोहित ने सूक्ष्म व्यायाम, द्रुत गति के व्यायाम, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति अनुलोम विलोम, अर्ध चक्रासन आदि योगासन करवाये। सचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने समस्त बंदियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में योग के महत्व को बताया। साथ ही सभी बंदियों से योग को अपने जीवन में अपनाने और प्रतिदिन प्रातः या सायं जब समय मिले योग करने की अपील की। योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय शिवपुरी में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार की अध्यक्षता में एवं बार अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र समाधिया की उपस्थिति में समस्त न्यायाधीशगणों, समस्त कर्मचारियों एवं समस्त अधिक्ताओं ने योग किया। साथ ही तहसील न्यायालय करैरा, पिछोर, पोहरी, कोलारस एवं खनियाधाना द्वारा तहसील न्यायालय परिसर एवं उपजलों में योग कराया गया। योग कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री संजीव कुमार अग्रवाल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री शिवकांत गोयल, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमती दीपाली शर्मा, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विवेक शर्मा, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री आर.बी.गुप्ता, पंचम जिला न्यायाधीश श्री पवन कुमार शंखवार, सप्तम, जिला न्यायाधीश श्री अमित कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सज्जन सिंह सिसौदिया, न्यायाधीश श्रीमती श्वेता मिश्रा, श्री अमित प्रताप सिंह, श्रीमती अंशु मंगल निगम, श्रीमती रूपम तोमर, सुश्री नेहा प्रधान, सुश्री सुनीता देवी कोरी एवं सर्किल जेल शिवपुरी में जेल अधीक्षक श्री दिलीप सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार चढार उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी रजौधा थाना नगरा के द्वारा अवैध 04 पेटी देशी मसाला शराब की कीमती करीबन 20,000/- रूपये की पकड़कर जप्त की गई।

**पुष्पांजली टुडे**

**पोरसा।** चौकी रजौधा पुलिस ने मुखविर सूचना पर से ग्राम धर्मपुरा की मोड़ यात्री प्रतिक्षालय के पीछे रोड किनारे खंदी से 7 अवैध 04 पेटी देशी मसाला




शराब की कीमती करीबन 20,000/- रूपये की मिली जिन्हे आरोपी से जप्त किया गया। आरोपी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में उक्त शराब खपाने के लिये ले जाने की तैयारी में था। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया 7 जाने से आरोपी के विरुध्द धारा 34 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी रजौधा उनि प्रज्ञाशील, सउनि दिवाकर भदौरिया, आरक्षक ऋषिकेश शर्मा, आरक्षक नारायण की सराहनीय भूमिका रही।

## खेल प्रशिक्षण शिविर से प्रतिभायें निखरती है: एसपी आसुतौष बागरी...

**केशब पंडित जी अम्बाह....**

**मुरैना...** खेल और युवा कल्याण विभाग मुरैना के तत्वाधान में पुलिस कप्तान आशुतोष बागरी के आतिथ्य में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राय सिंह नरवरिया, लॉन टेनिस खिलाड़ी डॉ. पीएस तोमर की उपस्थिति में खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन संभागीय खेल अधिकारी, विभिन्न नियुक्त खेल प्रशिक्षकों एवं युवा समन्वयकों, विभागीय कर्मचारियों प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में पुलिस लाईन स्थित टेनिस कोर्ट पर किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी ने कहा है कि खेल प्रशिक्षण शिविर से प्रतिभायें निखरती है। प्रशिक्षणार्थियों को नियमित यदि प्रशिक्षण दिया जाये एवं समय-समय पर खेलों के शिविर जैसे आयोजन किए जाये तो संभवतः खेल प्रतिभाऐं निखरेगी। जिससे मुरैना जिले के खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। खेल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले विभिन्न प्रशिक्षकों को शील्ड, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र से पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से जिला मुख्यालय पर 664 (09 खेलों में) एवं विकासखण्ड मुख्यालय पर 608 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुये। इस प्रकार शिविर से 1272 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुये। अंत में संभागीय खेल अधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए सहयोगी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान करने में दिये गये वहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया।




## "चलो करें हमसब मतदान" के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक श्री एन.के.जैन के मार्गदर्शन में कलापथक दल के द्वारा आज बुधवार को जनपद पंचायत नरवर के ग्राम मोहनी, मगरौनी एवं राजगढ़ में लोकगीतों में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।कलापथक दल के द्वारा आम चुनाव में मतप्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं में जागरूकता के लिए लोकगीत-संगीत का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।प्रमुख कलाकार श्री विनोद श्रीवास्तव ने लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर लोकगीत ''चलो करें हमसब मतदान'', 'सिर धुन-धुन पछताहो, बहना ऐसो मौका ना पाहो' आदि लोकगीतों की प्रस्तुति दी। सभी युवा मतदाताओं विशेषकर महिला मतदाताओं से इस अवसर का लाभ उठाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया।

## शिवपुरी नगर पालिका वार्ड नंबर 8 से निर्दलीय प्रत्याशी होंगे अनिल कुशवाहा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** हाल ही में होने वाले नगरपालिका चुनाव मैं आज सभी वार्डो में होने वाले प्रत्याशी को



आज चुनाव चिन्ह मिल गए हैं चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ही प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्डो में चुनाव प्रचार का सिलसिला शुरू कर दिया है 13 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए आज से सब ने अपनी अपनी कमर कस ली है इसी बीच शिवपुरी के वार्ड नंबर 8 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अनिल कुशवाह जी को चुनाव चिन्ह के रूप में जीप आवंटित हुई है और उन्होंने अपने वार्डो मैं जनसंपर्क शुरू कर दिया

# सर्वहारा वर्ग का सम्मान , विकास व प्रगति हमारा लक्ष्य है: डॉ. शोभा सिकरवार

### वार्डो में जनसम्पर्क

**ग्वालियर।** नगर निगम में कांग्रेस से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा क्षेत्र के विकास व प्रगति के लिये काम किया है और सर्वहारा वर्ग के सम्मान की रक्षा में कोई कमी नहीं रखी है। हम आपसे वायदा और विश्वास दिलाते है कि सड़क, पानी, बिजली, सफाई आदि की समस्याओं से निजात दिलाने के लिये काम करूँगी। यह बात उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान आमजनों के बीच कही।

कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड 55 के अवाड़पुरा और बस्तियों में सघन् जनसम्पर्क किया। इसके अलावा वार्ड 59 में गली-गली मोहल्लों में जनसम्पर्क के दौरान लोगों ने तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। नागरिकों ने सर पर हाथ रखकर डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार को आर्शीवाद दिया और महिलाओं ने गले लगाया। जनसम्पर्क में सैकड़ों नागरिक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि हर जगह जिस तरह अपार जनसमर्थन मिल रहा है जो इस बात का द्योतक है कि बदलाव की बयार चल रही है। आज मतदाता कांग्रेस को विजयश्री दिलाने के लिये कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मंहगाई व बेरोजगारी से हर व्यक्ति परेशान है और भाजपा इस संबंध में कुछ नहीं बोलती है। नगर निगम में कांग्रेस के सत्ता में आने पर जनता पर थोपे गये अनावश्यक करों को खत्म कर आमजन को राहत देंगे। उधर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड 31 व 32 में सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। इस दौरान डॉ. सिकरवार का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।



## संभागायुक्त ने मतदान की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना बुधवार को शिवपुरी भ्रमण पर आए और यहां स्थानीय निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम चरण में शिवपुरी जिले में 164 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन होना है जिसमें बदरवास और खनियाधाना ब्लॉक में प्रथम चरण में चुनाव होंगे। निर्वाचन की तैयारियां लगातार की जा रही है। मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहे। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। हमें स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। उन्होंने नोडल अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की भी जानकारी ली। संभागायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदान केंद्र पर झूला घर तैयार किए जाएं। इसके अलावा व्यवस्था के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता की भी ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। मतदान केंद्रों पर भीड़ भाड़ ना हो और व्यवस्था पर निगरानी के लिए वालंटियर के रूप में एनएसएस और एनसीसी के बच्चों को भी जोड़ा जा सकता है। यह बच्चे अपनी स्वेच्छा से मतदान केंद्र पर वालंटियर के रूप में काम कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कतार रहित मतदान के लिए टोकन पर्ची बाटी जाएगी,जिससे बारी आने पर मतदाता अपना मतदान कर सके। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरण व्यवस्था भी व्यवस्थित तरीके से हो और मतदान दल समय पर मतदान केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने कम्युनिकेशन प्लान के संबंध में कहा कि सभी टीमों के साथ समन्वय होना चाहिए। पुलिस और प्रशासन द्वारा एक कंट्रोल रूम संचालित किया जाए जिससे आपसी समन्वय से बेहतर निगरानी हो सकेगी और यदि कहीं कोई आवश्यकता है और व्यवस्थाओं में सुधार करना है तो तत्काल टीम को भेजा जा सकेगा। अभी बरसात का समय है इसलिए मतदान केंद्रों पर पानी ना आए इसके लिए विकल्प के रूप में व्यवस्था अभी सुनिश्चित कर ली जाए।

# इस मानसून अपने बच्चे को बीमार होने से बचाएं, बरतें ये सावधानियांः डा. प्रमोद शर्मा

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** डा. प्रमोद शर्मा बालरोग बिशेषज्ञ मेडीकल ऑफीसर अम्बाह ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी के बाद जब मानसून का मौसम दस्तक देता है तो यह सभी को भाता हैं। खासतौर से छोटे बच्चों को बारिस का मौसम बहुत पसंद होता हैं, उन्हें बरसात में भीगना, खेलना और मस्ती करने में बहुत मज़ा आता हैं। ऐसे में इस मौसम आपको बच्चों पर ज्यादा देने की आवश्यकता होती हैं, वरना उन्हें बीमार पड़ते देर नहीं लगेगी...

आप अपने बच्चों के साथ इस मौसम का भरपूर आनंद ले सकते हैं, बशर्ते आप कुछ सावधानियां बरत लें। आइए, जानते हैं हम किन सावधानियों की बात कर रहें हैं...






### 1. भोजन

बरसात के मौसम में खाना बहुत जल्दी खराब हो जाता है। कुछ ही घंटों बाद इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते है। बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बड़ो की तुलना में बहुत ही कम होती हैं, ऐसे में आप कोशिश करें कि बच्चों को तुरंत बनाया हुया, गर्म खाना खिलाएं...

### 2. पानी

इस मौसम में बच्चों को खासतौर से फिल्टर किया हुआ या उबाला हुआ पानी ही पिलाएं...

### 3. मच्छरों से बचाएं

बरसात का मौसम मच्छरों को मौसम भी होता है, इस मौसम में मच्छर सबसे ज्यादा मंडराते है और मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारी फैलाते है। आप अपने नन्हे को मच्छरों से बचाने के लिए उसके कपड़ों पर गुडनाइट फैब्रिक रोल-ऑन के चार बिंदु छिट दें। ऐसा करने से मच्छर आपके बच्चे के पास भी नहीं आएगे।

### 4. रेनकोट और छतरी साथ रखें

बरसात के मौसम में जब भी आप छोटे बच्चों के साथ बाहर जाएं तो रेनकोट या छतरी जरूर साथ रखें। बारीश कभी भी आ सकती है, ऐसे में बच्चे यदि जरा भी गीले हो जाएं तो बहुत जल्दी बीमार पड़ जाते हैं।

### 5. कुछ दवा अपने साथ हमेशा रखें

बच्चों को इस मौसम बुखार आना, सर्दी-झुकाम व दस्त होना आम बीमारियां हैं। इन बीमारियों के लिए पहले से ही कुछ दवाएं अपने साथ जरूर रखें।

## शादी से वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर।



108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा पहुंचाया गया शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र।

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** गोरमी थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर 2:00 बजे की है अच्छेलाल सखबार जाटव पुत्र श्री लोचन सिंह सखवार उम्र 70 साल अपने पुत्र के लडके शिवम राम नरेश उम्र 17 नाती और बच्ची प्रियंका पुत्री राम नरेश जाटव उम्र 15 साल के साथ कसमड़ा पोरसा के पास से अपने लड़के रामनरेश के साले की शादी से वापस लौट रहे थे कि तभी अचानक गोरमी पहुंचे ही थे कि तहसील के सामने किसी अनजान ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए इनकी मोटरसाइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी जिस कारण अछेलाल और परिवार के सदस्य सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए और आछेलाल का पैर टूट गया और उनकी बच्ची को भी कमर में चोट आई राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस को दी। गोरमी थाना108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलट मुरारी लाल गोस्वामी और ईएमटी दीपक वर्मा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल आछेलाल की गंभीर अवस्था को देखते हुए तुरंत स्वास्थ्य केंद्र गोरमी में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए गोरमी थाना 108 एंबुलेंस के द्वारा ही रेफर कर दिया पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने तुरंत घायल आछेलाल और उसकी नातिन प्रियंका को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया।वहीं पर 108 के जिला संयोजक श्री भागवत शर्मा जी मौके पर खड़े हुए थे उन्होंने तुरंत आंछेलाल को अस्पताल में भर्ती कराने में पूरा सहयोग किया, जिला संयोजक भागवत शर्मा और आछेलाल के परिजनों ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस स्टाफ के कार्य को देखते हुए कार्य की बहुत प्रशंसा की, और भविष्य में इसी तरह कार्य करने के लिए उत्साहित किया।

### नगर निकाय चुनाव में प्रचार के लिए उतरेंगे दिग्गज

# महाकाल के दर्शन के बाद शिवराज शुरू करेंगे प्रचार, कमलनाथ का भी प्लान तैयार

**भोपाल।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए दावेदारों के नाम तय होने के बाद अब बीजेपी और कांग्रेस के दिग्गज प्रचार के लिए उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सीएम शिवराज के प्रचार का कार्यक्रम जारी भी हो गया है जबकि पीसीसी चीफ कमलनाथ महाराष्ट्र के सियासी मामले से फ्री होते ही प्रचार के मैदान में उतरेंगे। उनका प्रचार का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

सीएम शिवराज के प्रचार के आगाज से एक बात साफ लग रही है कि बीजेपी नगरीय निकाय चुनाव में भी हिंदुत्व के एजेंडे पर ही आगे बढ़ेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि सीएम का अभी दो दिन का जो कार्यक्रम तय किया गया है उसका आगाज महाकाल की नगरी उज्जैन से ही आज हो रहा है। सीएम शिवराज पहले बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे उसके बाद प्रचार की शुरुआत करेंगे. वहीं पीसीसी चीफ कमलनाथ 25 जून से प्रचार के रण में उतर सकते हैं. उनका दो चरणों में प्रचार का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है.





#### ये है सीएम का कार्यक्रम

मुख्यमंत्री 22 जून को उज्जैन और 23 जून को उमरिया, सिंगरौली, सतना में प्रचार करेंगे। 22 जून को दोपहर 2.30 बजे भोपाल से उज्जैन पहुंचेंगे. दोपहर 2.45 बजे बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद दोपहर 3.15 बजे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनआशीर्वाद रैली में शामिल होंगे. शाम 4.45 बजे शहीद पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे.

#### 23 जून का कार्यक्रम

- शिवराज सिंह 23 जून को सुबह 11.30 बजे भोपाल से उमरिया पहुंचेंगे.
- 11.45 बजे उमरिया में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।
- दोपहर 1.45 बजे उमरिया से सिंगरौली पहुंचकर दोपहर 2 बजे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।
- शाम 4 बजे सिंगरौली से सतना पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा में शामिल होंगे।

#### शुरू हुई सियासत

दिग्गजों के प्रचार के आगाज पर सियासत भी हो रही है. बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा बीजेपी का एक मात्र एजेंडा विकास है. बाबा महाकाल के दर्शन के बाद सीएम जनता का आशीर्वाद लेने निकलेंगे. सीएम शिवराज के महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रचार के आगाज पर कांग्रेस की मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा बाबा महाकाल का आशीर्वाद तो सब पर है लेकिन जनता अपना आशीर्वाद सिर्फ कांग्रेस को देगी।

## विधानसभा के मानसून सत्र की अवधि तीन सप्ताह तक की जाए : डॉ.गोविंद सिंह



**भोपाल।** मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के लिए 25 से 29 जुलाई तक की अधिसूचना जारी की गई है। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा है कि विधानसभा का मानसून सत्र कम से कम तीन सप्ताह का रखा जाये, ताकि मानसून सत्र में जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जा सके। उन्होंने विधानसभा का मानसून सत्र महज पांच दिन रखे जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि शिवराजसिंह चौहान ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने का काम किया है। लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है।

डॉ. सिंह ने स्मरण कराते हुए कहा कि पूर्व में भी शिवराजसिंह चौहान को एक पत्र भेजकर मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 2022 की तिथि पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद निर्धारित किये जाने एवं सत्र की बैठक कम से कम 20 दिवस रखे जाने की मांग की गई थी। जिससे प्रदेश की जन-समस्यायें एवं ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा सदन में हो सकें।

उन्होंने शिवराजसिंह चौहान को लिखे पत्र में लिखा था कि विधानसभा प्रजातंत्र का पवित्र मंदिर है एवं राज्य की संपूर्ण जनता का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें राज्य की जनता के हितों के ज्वलंत मुद्दे व सरकार की नाकामियों को उजागर करने, प्रदेश में जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन करने व भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के अवसर प्राप्त होते हैं, लेकिन प्रदेश में जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से सदन की बैठकों में निरन्तर कमी होती जा रही है, जबकि संविधान में निहित भावनाओं के अनुरूप संविधान विशेषज्ञों ने समय पर वर्ष में कम से कम 60 से 75 बैठकें प्रतिवर्ष आहूत करने की सिफारिशें की गई है।

### सीएम शिवराज सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की

# केंद्र सरकार ने प्रदेश को दिया एक हजार 55 करोड़ रुपए का इंसेटिव

**भोपाल।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार ने राहत दी है। राज्य को पब्लिक एसेट कंपनी बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक हजार 55 करोड़ रुपए बतौर इंसेंटिव दिया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान कल दिल्ली दौरे पर थे। यहां उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने खाद्य आपूर्ति मंत्री से बकाया छह हजार करोड़ देने की मांग उठाई. केंद्र सरकार से 7 हजार करोड़ रुपए मिलने से राज्य की तिजोरी की सेहत तो सुधरेगी ही और कई अटकी हुई योजनाएं भी पूरी हो पाएंगी।

दिल्ली पहुंचे शिवराज सिंह चौहान ने पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और फिर खाद्य आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की. मुलाकात के बाद शिवराज सिंह ने बताया कि राज्य को एक हजार 55 करोड़ का इंसेंटिव मिला है. उन्होंने इसके लिए निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया है. उन्होंने कहा पब्लिक एसेट को कंपनी बनाकर मैनेज किया. इंसेंटिव मिलने का एक यह भी कारण है. सीएम शिवराज ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उन्होंने कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगाने की मांग उठाई है.





#### राज्य का बकाया दिलाने की मांग

शिवराज सिंह ने बताया कि खाद्य आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात के दौरान गेहूं, चावल पर बात हुई जो कोटा राज्य ने केंद्र सरकार को दिया है कई साल से उसका सेटलमेंट नहीं हुआ है. केंद्र सरकार पर राज्य का छह हजार करोड़ बकाया है. उसे दिलाने की मांग की है. उन्होंने बताया कि इस साल प्रदेश में मूंग दाल की बहुत अच्छी पैदावार हुई है. मूंग खरीद की कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पीयूष गोयल से इजाजत मांगी है. उन्होंने कहा मोदीजी की सकारात्मक सोच है, वही भाव केंद्रीय मंत्रियों का भी है. साथ ही विजिनरी और प्रेक्टिकल भी हैं. तर्क पूर्ण मुद्दे पर केंद्र सरकार बिना भेदभाव मदद करती है. दोनो केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

#### तिजोरी की सेहत की चिंता

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने खाद्य आपूर्ति मंत्री से बकाया छह हजार करोड़ देने की मांग उठाई. केंद्र सरकार से 7 हजार करोड़ रूपए मध्य प्रदेश को मिलने से राज्य की तिजोरी की सेहत तो सुधरेगी और कई अटकी हुई योजनाएं भी विकास की राह पर आगे बढ़ेंगी।

## अखिल भारतीय सिर्वी महासभा जिला इंदौर उज्जैन पीथमपुर महिला कार्यकारणी गठन

पुष्पाजंली टुडे

**इंदौर** –श्री आई माता मंदिर प्रजापत नगर इंदौर में रविवार 19/06/2022 को संपन्न हुआ । इस गठन में उपस्थित अखिल भारतीय सीरवी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष भगवान लछेटा सीए साहब एवं अखिल भारतीय सिर्वी महासभा जिला इंदौर अध्यक्ष भगवान काग साहब व अखिल भारतीय सीरवी महासभा प्रांतीय महिला अध्यक्ष अनीता चोयल और प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती राधाजी भायल व प्रांतीय उपाध्यक्ष सोनू बर्फा एवं श्री आई माताजी मंदिर प्रजापत नगर इंदौर अध्यक्ष दीपालाल सोलंकी व प्रांतीय आपात एवं चैरिटी सचिव सोहनलाल काग और प्रांतीय योजना एवं उद्योग सचिव लक्ष्मण बर्फा मैक्सन टॉर्च और जिला इंदौर उज्जैन पिथमपुर के सभी सदस्य गण उपस्थित थे इस कार्यक्रम संचालन डॉ निलेश पडियार करते हुए स्वागत भाषण के लिए गीता काग किया तत्पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष अनीता चोयल को गठन हेतु आमंत्रित किया फिर अनिता ने सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन इस प्रकार किया अध्यक्ष प्रमिला मोहनलाल चौहान इंदौर सचिव दुर्गा पारस मुकाती इंदौर कोषाध्यक्ष लता राजेश काग इंदौर उपाध्यक्ष गंगा लक्ष्मण बर्फा इंदौर उपाध्यक्ष हेमलता संजय चौहान उज्जैन उपाध्यक्ष वंदना बाबूलाल परमार भोपाल उपाध्यक्ष नीतू शैलेंद्र भायल पिथमपुर मीडिया प्रभारी अंजना भगवानसिंह परिहार स्वास्थ्य सचिव टीनाजी बद्रीलाल परमार इंदौर खेल एवं संस्कृति सचिव मधुजी गोपाल अगलेचा इंदौर सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन सचिव रुकमणी यू.एल. बर्फा इंदौर सहकारी अल्प बचत सचिव ममता राधेश्याम काग इंदौर शिक्षा सचिव दीपिका रामजी बर्फा इंदौर राजनीतिक मामलात सचिव संगीता कैलाश पडियार इंदौर मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सचिव अंजना राज आर्य इस प्रकार अनीता चोयल ने सर्वसम्मति से गठन किया और सभी नवीन कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए मातृशक्ति को बढ़ावा दिया। मंजू लछेटा ने सभी को बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया



## चुनाव जीतकर विकास के पुरोधा बनें नगर निकाय प्रत्याशी : विष्णुदत्त शर्मा

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने निकाय चुनाव के लिए अच्छे कार्यकर्ताओं को चुना है, जिनमें बड़ी संख्या बहनों की भी है। आप सभी लोग अपने-अपने निकाय क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। पार्टी ने विकास पुरुष के रूप में आपको पार्षद प्रत्याशी चुना है। आने वाले चुनाव में जीत हासिल कर आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में विकास के पुरोधा बनें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर परिषद प्रत्याशियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में कालका शुक्ला, सुदेश जैन, मनोज ताम्रकार, अभिषेक यादव, सचिन चतुर्वेदी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष ने खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।



## खंडवा में कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी की मौत

**खंडवा।** बाइक चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने वृद्ध को कुछ 2 दिन पहले हिरासत में लिया था। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अधीक्षक कोतवाली थाने पहुंचे। कोतवाली पुलिस की हिरासत में भगवान पुत्र राम सिंह निवासी इनपुट पुनर्वास की मौत हुई है। बताया जाता है कि कोतवाली पुलिस ने उसे बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। जेल परिसर, रेलवे स्टेशन, जिला न्यायालय परिसर और अन्य स्थानों से चुराई हुई बाइक जब तक की थी।

इस मामले में पुलिस संभवतः आज खुलासा करने वाली थी। लेकिन सुबह अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई बताया जाता है कि उसे उल्टी हुई थी जिसके बाद पुलिसकर्मी उसे अस्पताल लेकर आए हालांकि इस मामले को लेकर अभी तक पुलिस की ओर से किसी तरह का बयान सामने नहीं आया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।




## भोपाल के चांदबड़ में बिजली कंपनी के ट्रांसफॉर्मर सेक्शन में आग, 8 दमकलें बुझाने में जुटीं

**भोपाल।** चांदबड़ में बिजली कंपनी के ट्रांसफॉर्मर सेक्शन में बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे आग लग गई। नगर निगम के फतेहगढ़, छोला, गोविंदपुरा, पुल बोगदा फायर स्टेशन से 8 दमकलें मौके पर पहुंची हैं। आग पर सुबह 11.30 बजे तक काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने की वजह भी सामने नहीं आई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सेक्शन में करीब 100 ट्रांसफॉर्मर रखे हैं, जो आग की चपेट में आ सकते हैं।



## एसडीएम की प्लेट लगी कार लेकर घूम रहा फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी के नजदीक होशंगाबाद रोड पर बने वृंदावन ढाबा-गार्डन की वाहन पार्किंग से मिसरोद पुलिस ने एक ऐसे फर्जी पुलिसवाले को दबोचा है, जो पुलिस की वर्दी पहनकर एक इनोवा कार जिसमें एसडीएम की प्लेट लगी थी, उसके पास खड़ा था। आरोपी ढाबे मे आने वाले अन्य लोगो पर रौब झाडकर उन्हे परेशान कर रहा था। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली कि इलाके मे स्थित वृंदावन गार्डन की पार्किंग में एक कार के पास एक व्यक्ति खडा है, जिसने मध्य प्रदेश पुलिस की वर्दी पहन रखी है, ओर उसने हाथ मे पुलिस का बेल्ट भी पकड रखा है। उसके पास कार पर एसडीएम की प्लेट लगी है। आरोपी अपनी कार के आस पास किसी कार को पार्क नहीं करने दे रहा था। ओर किसी के भी विरोध करने पर वो उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हे चमकाते हुए थाने में बंद कराने की धमकी दे रहा था। लोगो से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की जिसमे पता चला कि हंगामा करने वाला 22 वर्षीय रोहित कुमार मोरछले है, जो मूल रुप से हरदा का रहने वाला है, ओर फिलहाल वो भोपाल में रह रहा था। आरोपी ने खुद को एक एसडीएम मैडम का ड्रायवर बताते हुए दो माह पहले ही भर्ती होने की बात कही। इतना ही नही पुलिस पर दबाव डालने के लिए उसने फोन पर मैडम से बात कराने की धमकी दी। आरोपी की हरकतों से पुलिस को सदेहं हुआ कि वो फर्जी पुलिसकर्मी है। इसके बाद की पुछताछ के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया ओर थाने लाकर उसके खिलाफ धारा 171, 419 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### एक माह तक केवल पुजारी, पुरोहित नियमित पूजा-अर्चना करेंगे

# श्रावण मास में महाकाल मंदिर के गर्भगृह में भक्तों का प्रवेश बंद रहेगा

**उज्जैन।** श्रावण मास के दौरान ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के गर्भगृह में भक्तों का प्रवेश बंद रहेगा। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है। एक माह तक केवल पुजारी, पुरोहित नियमित पूजा-अर्चना करेंगे। श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन होंगे। कोरोना काल के दो साल बाद इस बार भगवान महाकाल की सवारी परंपरागत मार्ग से निकलेगी। यह निर्णय कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई मंदिर प्रशासन तथा विभिन्न् विभागों के अधिकारियों की बैठक में लिया गया।



कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इन दिनों मंदिर के आसपास निर्माण कार्य चल रहे हैं। ऐसे में श्रावण मास के दौरान देश-विदेश से आने वाले हजारों यात्रियों के लिए सुविधाओं के इंतजाम करना चुनौतीपूर्ण काम है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी भक्तों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए नृसिंह घाट के समीप स्थित सिद्ध आश्रम के नजदीक फैसिलिटी सेंटर बनाया जाएगा।यहां दर्शनार्थियों के लिए जूता-चप्पल स्टैंड, क्लाक रूम, प्रसाद काउंटर आदि समस्त प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। दर्शनार्थी यहां जूते-चप्पल उतारकर बैरिकेड्स से होते हुए हरसिद्धि चौराहा, बड़े गणेश मंदिर के सामने से होते हुए फैसिलिटी सेंटर के शंख द्वार से मंदिर में प्रवेश करेंगे। दर्शन के उपरांत इसी मार्ग से सिद्ध आश्रम स्थित फैसिलिटी सेंटर पहुंचेंगे।

## नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022

# नगर निगम ग्वालियर में महापौर पद के लिए 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में




ग्वालियर।

ग्वालियर नगर निगम में महापौर पद के लिये कुल 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा बुधवार 22 जून को अपरान्ह 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।

जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन )से प्राप्त जानकारी के अनुसार महापौर पद के लिये ग्वालियर नगर निगम में डॉ. शोभा सतीश सिकरवार इंडियन नेशनल कांग्रेस (चुनाव चिन्ह हाथ ), श्रीमती सुमन यशवीर शर्मा भारतीय जनता पार्टी (चुनाव चिन्ह कमल ), श्रीमती सुनीता गौतम (जाटव )बहुजन समाज पार्टी (चुनाव चिन्ह हाथी ), श्रीमती रूचि गुप्ता आम आदमी पार्टी (चुनाव चिन्ह झाडू ), श्रीमती सुनीता पाल समतामूलक समाज पार्टी (चुनाव चिन्ह नल ), श्रीमती विद्या खेमराज नेक आजाद समाज पार्टी (कांसीराम ) (चुनाव चिन्ह सूरजमुखी )एवं श्रीमती हेमलता मुकेश कुमार कोरी निर्दलीय(चुनाव चिन्ह गेहूँ की बाली )चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे।

### कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याषियो के पक्ष में कांग्रेसजनो ने अपने नाम वापस लिए : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अषोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याषियों की घोषणा के बाद जिन कांग्रेसजनो ने विभिन्न वार्डो में अपने-अपने नामंकन दाखिल किए उन सभी कांग्रेसजनो ने आज कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याषियों के पक्ष में अपना नामंकन वापस लिया है जो निम्नानुसार है।

वार्ड 1 श्री राजेष खान, वार्ड 10 श्री अख्तर हुसैन कुरेषी
वार्ड 14 श्री अब्दुल हमीद
वार्ड 18 श्री दलवीर बोहरे
वार्ड 21 श्री सुनील श्रीवास
वार्ड 21 श्री प्रेम सिंह कौरव
वार्ड 22 श्री चतुर्भुज धनोलिया
वार्ड 23 श्री महादेव अपौरिया
वार्ड 27 श्री लक्ष्मी चन्दन राठौर
वार्ड 29 श्री रियाज पठान
वार्ड 37 श्री लक्ष्मीनारायण कुषवाह
वार्ड 38 श्री दिलीपराजपूत
वार्ड 58 श्रीमती पूजा शर्मा
वार्ड 59 श्री साहब सिंह बघेल
वार्ड 64 श्री वकील अहमद

## छत्तीसगढ़ की राज्यपाल माननीया अनुसुईया उईके का ग्वालियर आगमन

### तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगीं राज्यपाल

ग्वालियर। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल माननीया अनुसुईया उईके तीन दिवसीय प्रवास पर आज ग्वालियर पधारीं। दिनांक 22 जुलाई से 24 जुलाई तक वे भ्रमण पर रहेंगीं। ग्वालियर विमानतल पर उनका कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम श्री एच बी शर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया।

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ग्वालियर आगमन के पश्चात मुरार सर्किट हाउस पहुँचीं। सर्किट हाउस पर कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले एवं अन्य अधिकारियों ने उनका पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके 23 जून को ग्वालियर से दतिया के लिए रवाना होंगीं और दतिया में माँ पीताम्बरा माई के दर्शन उपरांत ग्वालियर आयेंगीं। ग्वालियर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात 24 जून को दोपहर 12.40 बजे विमान द्वारा ग्वालियर से नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगीं।

## सर्वहारा वर्ग का सम्मान, विकास व प्रगति हमारा लक्ष्य है: डॉ. शोभा सिकरवार

### अवार्डो में जनसम्पर्क

ग्वालियर। नगर निगम में कांग्रेस से महापौर पद की उम्मीदवार डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा क्षेत्र के विकास व प्रगति के लिये काम किया है और सर्वहारा वर्ग के सम्मान की रक्षा में कोई कमी नहीं रखी है। हम आपसे वायदा और विश्वास दिलाते है कि सड़क, पानी, बिजली, सफाई आदि की समस्याओं से निजात दिलाने के लिये काम करूँगी। यह बात उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान आमजनों के बीच कही।

कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड 55 के अवाड़पुरा और बस्तियों में सघन् जनसम्पर्क किया। इसके अलावा वार्ड 59 में गली-गली मोहल्लों में जनसम्पर्क के दौरान लोगों ने तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। नागरिकों ने सर पर हाथ रखकर



डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार को आर्शीवाद दिया और महिलाओं ने गले लगाया। जनसम्पर्क में सैकड़ों नागरिक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि हर जगह जिस तरह अपार जनसमर्थन मिल रहा है जो इस बात का द्योतक है कि बदलाव की बयार चल रही है। आज मतदाता कांग्रेस को विजयश्री दिलाने के लिये कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मंहगाई व बेरोजगारी से हर व्यक्ति परेशान है और भाजपा इस संबंध में कुछ नहीं बोलती है। नगर निगम में कांग्रेस के सत्ता में आने पर जनता पर थोपे गये अनावश्यक करों को खत्म कर आमजन को राहत देंगे। उधर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड 31 व 32 में सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। इस दौरान डॉ. सिकरवार का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर में हुआ आयोजन



ग्वालियर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर श्री पी सी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समूह केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रुप केन्द्र ग्वालियर सीटीसी ग्वालियर एवं 244 बटालियन के राजपत्रित अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर श्री पी सी श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को योग के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस ग्रुप केन्द्र के अधिकारी एवं जवानों ने ग्वालियर किला एवं खजुराहो जिला छतरपुर में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में ब?-च?कर भाग लिया। योग दिवस के इस आयोजन में समूह केन्द्र के उप कमाण्डेंट श्री जोसेफ अडानी एवं अन्य अधिकारी व जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### 23 जून को अपरान्ह 3 बजे से थम जायेगा चुनावी शोरगुल

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में 25 जून को मतदान होगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 23 जून 2022 को अपरान्ह 3 बजे से चुनाव प्रचार समाप्त हो जायेगा। पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने धारा-144 के तहत आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि 23 जून को अपरान्ह 3 बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी को केवल दो वाहनों की पात्रता रहेगी। वाहनों की अनुमति संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी। अनुमति की मूल प्रति वाहन की विंड स्क्रीन पर चस्पा करना अनिवार्य होगा। मतदान दिवस के दिन अभ्यर्थियों को जिन वाहनों को अनुमति मिलेगी उन पर किसी भी प्रकार के पोस्टर, प्लेकार्ड, बैनर व झण्डे नहीं लगाए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनावी शोरगुल थम जाने के बाद चुनाव के संबंध में कोई भी सार्वजनिक सभा या जुलूस का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। साथ ही इसमें भाग भी नहीं लिया जा सकेगा। चलचित्र, इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया या किसी अन्य साधन से जनता के समक्ष चुनाव संबंधी बातों का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह संगीत या नाट्य अभिनय अथवा किसी मनोरंजन व आमोद-प्रमोद के अन्य तरीकों द्वारा भी मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयोजन से अभ्यर्थी द्वारा कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। मतदान दिवस 25 जून को मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या वोट मांगना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने या ले जाने के लिये वाहनों का उपयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्ची सादे कागज पर होना चाहिए। पर्ची में चुनाव प्रचार से संबंधित बातें लिखना प्रतिबंधित हैं। अभ्यर्थी का नाम, चुनाव चिन्ह व दल का नाम नहीं होना चाहिए। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत दण्डनीय होगा।

### जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अभिनव पहल

**एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस से जु? युवा निभायेंगे विशेष पुलिस अधिकारी की भूमिका**

ग्वालियर 22 जून 2022/ ग्वालियर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में एनसीसी कैडेट्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जु? युवा भी अहम भूमिका निभायेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन )द्वारा एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना से जु? 18 से अधिक आयु वर्ग के युवाओं को पंचायत चुनाव के लिये विशेष पुलिस अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।










स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478